Science Readers for Indian Schools.

# INDIAN PRESS READERS

## BOOK III—PART II

*FOR LOWER MIDDLE SECTION—CLASS IV*

EDITED BY

E. G. HILL, B.A., D.Sc., F.C.S.

ROFESSOR OF NATURAL SCIENCE, MUIR CENTRAL COLLEGE, ALL

(APPROVED AS TEXT BOOK BY THE EDUCATION DEPARTMENT, UNITED PROVINCES)

# इंडियन प्रेस रीडर—तीसरी कित

## दूसरा हिस्सा

लोअर मिडिल छठवीं जमाअत के लिए

INDIAN PRESS, ALLAHAB

1910.

Science Readers for Indian Schools.

# INDIAN PRESS READERS

## BOOK III—PART II

FOR LOWER MIDDLE SECTION—CLASS IV


EDITED BY

E. G. HILL, B.A., D.Sc., F.C.S.

FESSOR OF NATURAL SCIENCE MUIR CENTRAL COLLEGE ALLAHAB


APPROVED AS TEXT BOOK BY THE EDUCATIONAL DEPARTMENT, UNITED PROVINCES)

# इंडियन प्रेस रीडर—तीसरी किताब

## दूसरा हिस्सा

लोअर मिडिल छठवीं जमाअत के लिए


INDIAN PRESS, ALLAHABAD

1910.

३—जो तुमने कभी साही देखी होगी तो तुमको उसकी
देख कर ज़रूर अचंभा हुआ होगा। उसका क़द दो फ़ीट
कुछ ज़ियादा लंबा होता है और उसकी पीठ पर कांटे होते हैं।

४—यह कांटे पंद्रह पंद्रह सोलह सोलह इंच लंबे,
और नर्म होते हैं। मगर इन बड़े कांटों के अंदर और छोटे छोटे
छिपे होते हैं जो बहुत सख़्त और मज़बूत होते हैं। कांटों
सिवा साही के बदन पर कड़े कड़े बाल होते हैं और उस
गर्दन पर लंबे और बहुत ही कड़े बालों का एक गुच्छा होता

५—यों तो साही के कांटे उसकी पीठ पर पड़े रहते हैं।
जब साही डर जाती है या ग़ुस्सा में होती है, तो कांटों को
कर लेती है। इन कांटों से साही का बड़ा बचाव होता है।

६—पुराने वक़्त में लोग अपने बदन को बचाने के लिए
या ज़िरः पहन कर लड़ाई पर जाते थे। साही के कांटे उसके
लोहे के कपड़ों का काम देते हैं। साही न तो तेज़ दौड़ सकती
और न पेड़ पर चढ़ सकती है। इसलिए जो उसके बदन पर
न होते तो शिकारी जानवरों से किस तरह बचती? इन
की [illegible] जानवर की हिम्मत नहीं पड़ती कि साही

जानवर से साही की लड़ाई होती है
से इसके बदन में दर्द से बेचैन कर देनेवाले
कांटे साही के बदन से निकल कर

दन में चुभ कर रह जाते हैं। कहते हैं कि एक बार एक शेर गल में मरा पड़ा था और उसका सिर और पंजे साही के काँटों छिदे हुए थे। मालूम होता है कि शेर साही का शिकार करना हता था, मगर वह उलटा आपही साही का शिकार हो गया।

८—साही की दुम पर छोटे छोटे काँटे होते हैं। इनके अंदर ोल होता है और इनके सिरे चौकोर होते हैं। जब साही डर ाती है या गुस्सा होती है, अपनी दुम के काँटों को बड़े ज़ोर े खड़खड़ाती है।

९—किसी किसी मुल्क में तो ऐसी साहियाँ होती हैं जो पेड़ र भी चढ़ सकती हैं। मगर हिंदुस्तान की साही पेड़ पर नहीं ढ़ सकती। सदा ज़मीन ही पर रहती है। हमारे मुल्क में साही ा तो पहाड़ों के बीच में किसी खोह में रहती है, या ज़मीन में ाँद बना लेती है और उसमें दिन भर पड़ी रहती है।

१०—साही के पंजे बड़े तेज़ और मज़बूत होते हैं। वह इन्हीं ंजों से खोद कर अपनी माँद बनाती है और इन्हीं से पेड़ों की जड़ें खोद कर खाती है। जड़ों के सिवा उसको जो कुछ फल फ़ूल बाग़ों और खेतों में मिल जाते हैं, उनको भी नहीं छोड़ती और किसानों की फ़सिल का बहुत नुक़सान करती है।

११—साही अपने बच्चों को दूध पिलाती है। जब गर्मी आती है तो मादा माँद की तह में घास और पत्तियाँ बिछा कर बच्चों के वास्ते नर्म नर्म बिछौना तय्यार कर लेती है।

१२—बच्चे कभी दो होते हैं और कभी चार। जब वह पैदा होते हैं तो इनकी आँखें खुली होती हैं कुत्ते और बिल्ली के बच्चों

तरह बंद नहीं होतीं। इनके बदन में कांटे भी होते हैं, मगर ... रंग के होते हैं और बदन में छिपके रहते हैं।

१३—पहले पहल ये यह कांटे नर्म होते हैं, मगर थोड़े दिन ... कड़े हो जाते हैं। साहो के बच्चे बहुत जल्द बढ़ते हैं ... ही दिन में मांद से निकल कर अपने खाने की चीज़ें ... ढने लगते हैं।

१४—साही के दांत खरगोश और गिलहरी के से होते हैं ... साही भी इन जानवरों की तरह चीज़ों को कतर कर खाती है ... सके दांत बहुत ही मज़बूत और तेज़ होते हैं और जबड़े भी ... बहुत मज़बूत होते हैं। इनसे यह कड़ी से कड़ी चीज़ को कतर सकती है। कतरनेवाले जानवरों में साही बहुत बड़ी ... मज़बूत है।

---

## २—हवा

१—एक दिन जब सब लड़के दरजे में बैठे हुए थे तो उन ... उस्ताद एक ग्लास हाथ में लिये हुए आया। ग्लास का मुँह ... की तरफ था। उस्ताद ने लड़कों से पूछा कि बतलाओ ग्लास ... क्या है? लड़कों ने जवाब दिया कि ग्लास खाली है।

२—उस्ताद ने कहा कि ज़रा सोच कर जवाब दो। ... लड़कों ने फिर भी कहा कि ग्लास खाली है। ग्लास उलटा है ... । जो उसमें कोई चीज़ होती तो गिर न जाती?

३—यह सुनकर उस्ताद ने पानी का एक बरतन मँगवा ... को धीरे धीरे सीधा पानी के अंदर डुबो दिया।

ग्लास का मुँह रुई के पेंदे में लगा हुआ था और उसके चारों तरफ़ पानी था। उस्ताद ने ग्लास को डुबा कर फिर ऊपर उठा लिया। लड़कों ने जो ग्लास को देखा तो वह अन्दर से सूखा था। इससे मालूम हुआ कि ग्लास के अन्दर पानी नहीं गया था।

४—लड़के सोचने लगे कि ग्लास के अन्दर पानी क्यों नहीं गया? ग्लास में ज़रूर कोई चीज़ भरी होगी। जो ग्लास खाली होता तो उसमें ज़रूर पानी भर जाता। बात यह थी कि ग्लास में हवा भरी थी। जब उस्ताद ने ग्लास को पानी के अन्दर डाला तो ग्लास के अन्दर की हवा पानी को दबाती थी और ऊपर चढ़ने नहीं देती थी।

५—जो कहीं ऊपर की तरफ़ ग्लास में छेद होता तो हवा उसमें से निकल जाती और ग्लास में पानी भर जाता। मगर हवा के निकलने का तो कोई रास्ता था नहीं, इससे पानी ग्लास में न आ सका।

६—हम हवा को देख तो नहीं सकते मगर वह हर दम हमको घेर रहती है। जिन चीज़ों को देखने से हमको ख़ाली मालूम होती हैं उन सबमें हवा भरी रहती है। तुम्हारा सन्दूक, या लोटा, या कटोरा देखो तो ख़ाली मालूम होता है, मगर इनमें हवा भरी होती है। तुम हवा को इन चीज़ों में से निकाल कर उनको ख़ाली नहीं कर सकते।

७—दुनिया में हवा से ज़ियादा ज़रूरी कोई चीज़ नहीं बिना हवा के न आदमी जी सकते हैं न जानवर। जो दो मिनट भी आदमी को हवा न मिले तो वह मर जाय।

८—हवा फैली तो सारी दुनिया में है, मगर आख़िर यह क्या चीज़ ? इसका हाल सुनो।

९—हवा को न तुम देख सकते हो, न हाथ में ले सकते कभी कभी जब वह तेज़ी से चलती है, या जब हम किसी सवारी पर जाते होते हैं, या बहुत तेज़ दौड़ते होते हैं, तो ह हमारे बदन में लगती है।

१०—हवा ठोस चीज़ों या अरक़ों से बिलकुल अलग किसी ठोस चीज़ या अरक़ को हम हर वक्त, छू सकते हैं जब चाहें हाथ में ले सकते हैं। तुम शायद यह कहो कि अ को भी तो हम मुट्ठी में नहीं ले सकते। मगर अरक़ हम चुल्ल तो ले सकते हैं, हवा को तो चुल्लू में भी नहीं ले सकते।

११—हवा को जहाँ कहीं ख़ाली जगह मिलती है, वहीं भर जाती है। जो तुम एक पत्थर किसी जगह से सरका दूसरी जगह रक्खो, तो जहाँ पहले पत्थर रक्खा था वहाँ भर जायगी। जो तुम लोटे में से पानी उंडेल दो, तो लोटे हवा भर जायगी।

१२—पानी और पानी की तरह और सब अरक़ भी ते दूसरी जगह बह जाते हैं। मगर अरक़ तरफ़ बहते हैं। तुमने पानी को कभी नीचे तरफ़ बहते हुए न देखा होगा मगर हवा में

त नहीं है। हवा नीचे, ऊपर, दायें बायें हर तरफ जा सकती है।

१३—एक घड़ा बालू से भरा हुआ लो और इसमें से थोड़ी सी बालू निकाल डालो, तो ऊपर की हवा झट बालू की जगह घड़े में भर जायगी और जो घड़े को उलट कर बालू गिरा दो तो नीचे से भी हवा घड़े में भर जायगी।

१४—अरक़ और हवा में एक और फ़र्क़ है। अरक को तुम किसी चीज़ में ठूस कर नहीं भर सकते।

१५—जो किसी बोतल में ऊपर तक पानी भरा हो और तुम उसमें काग लगाना चाहो, तो काग से पानी को बोतल के अंदर न ठूस सकोगे। पहले थोड़ा पानी गिराना पड़ेगा तब काग लगेगा। जो पानी न गिराया जायगा तो काग न लगेगा।

१६—मगर हवा को जिस चीज़ में चाहें ठूस कर भर सकते हैं।

१७—फ़ुटबाल जो तुम रोज़ खेलते हो। फ़ुटबाल के अंदर रबड़ का थैला होता है। पहले उस थैले को फुलाकर कड़ा करते हैं तब कहीं फ़ुटबाल खेलते हैं। रबड़ के थैले को फैलाने के लिए उसमें हवा भरी जाती है।

१८—उस थैले में हवा ख़ूब ठूस ठूस कर भरी जाती है। हवा ऐसी ठसी होती है कि जो कहीं इसको ज़रा भी जगह मिले तो वह निकल जाय। इसीलिए तो थैले के सिरे को ख़ूब कस कर बांधते हैं कि ज़रा सी भी हवा न निकल सके। हवा भरने से गेंद कड़ी हो जाती है।

१९—मगर जो तुम चाहो तो फ़ुटबाल में पानी भ
उसको कड़ा नहीं कर सकते। पानी भरने से फ़ुटबाल भा
हो जायगा, मगर कड़ा न होगा। बात यह है कि वैसे ह
हवा की तरह पानी नहीं ठूसा जा सकता।

## २—हवा का बोझ

१—रामनारायण नामी एक लड़का मदरसे में पढ़ता
एक दिन जब वह स्कूल में पहुँचा तो उसका उस्ताद ल
से कह रहा था कि आज मैं तुमको बड़े तमाशे की चीज़
ऊँगा। उस चीज़ को देख कर तुमको बहुत अचंभा होगा।
तुम उसको पसंद भी बहुत करोगे।

२—लड़के यह सुनकर बड़े शौक़ से उस्ताद की तरफ़
लगे। मेज़ पर पानी से भरा एक कटोरा रक्खा था और उस
में पतले चमड़े का एक गोल टुकड़ा पड़ा हुआ था। यह
कोई तीन इंच लंबा था और इसके बीचों बीच में एक नन
छेद था।

३—पानी में पड़े पड़े चमड़ा बिलकुल नर्म हो गया था
उस्ताद ने उसको पानी में से निकाल कर एक तागा छे
डाला। तागे मे गिरह लगा कर जो उस्ताद ने खींचा तो
छेद में आकर अटक गई और छेद बंद हो गया।

४—उस्ताद ने कहा कि देखो, इस चमड़े के टुकड़े
ो तमाशा दिखाऊँगा। रामनारायण ज़रा अपनी स्ले
ज़मीन पर रक्खो।

५—रामनारायण ने स्लेट लाकर ज़मीन पर रक्खी और सब
के अपने दिलही दिल में सोचने लगे कि देखें स्लेट और
ड़े का क्या तमाशा होता है। उस्ताद ने रामनारायण से कहा
चमड़े के टुकड़े को स्लेट पर रखकर इतने ज़ोर से दबाओ
उसके अंदर की हवा सब निकल जाय। चमड़ा नर्म और
ला तो था ही, रामनारायण ने ख़ूब अच्छी तरह उसको स्लेट
दबाया।

६ जब रामनारायण चमड़े को दबा चुका तो उस्ताद ने कहा कि अब ज़रा तागा पकड़ कर चमड़े के टुकड़े को उठाओ।

७—रामनारायण समझा था कि चमड़े का टुकड़ा ज़रा ही में उठ आवेगा। मगर जब उसने तागे को पकड़ कर खींचा तो वह न उठा।

८—उस्ताद ने कहा—और ज़ोर से
खींचो। रामनारायण ने तागे को ज़ोर से खींचा और इस
बार चमड़े का टुकड़ा ऊपर उठ आया। मगर इसी के साथ
ही साथ स्लेट भी उठ आई। रामनारायण तागा पकड़े खड़ा था
और स्लेट उसमें लटक रही थी।

९—यह देख कर लड़कों को बहुत ही अचंभा हुआ और राम-
नारायण कहने लगा कि चमड़े का टुकड़ा स्लेट में सरेश की तरह
चिपका हुआ है।

१०—उस्ताद ने यह सुन कर रामनारायण से क
तुम्हारा यह कहना ठीक नहीं है। सरेश तो इसमें ··
कि उसमें लस होती है। जो तुम कहीं सरेश को छूओ
तो वो सरेश तुम्हारे हाथ में या कपड़ों में जहाँ लगेगी
जायगी। मगर तुमको ख़ूब मालूम है कि चमड़े में ह
होती। अब बताओ कि तुमने चमड़े को स्लेट में कि
चिपकाया था।

११—रामनारायण कहने लगा कि मैंने उसको स्लेट
कर बहुत ज़ोर से दबाया था।

१२—यह बात सुन कर उस्ताद ने फिर पूछा कि तुमने
क्यों दबाया था?

१३—रामनारायण ने जवाब दिया कि आपने कहा
चमड़े को दबाओ, जिसमें इसके अंदर की सब हवा निकल
इसलिए मैंने इसको दबाया था।

१४—तब उस्ताद ने कहा कि हाँ, तुम्हारा यह कहन
है। तुम्हारे दबाने से चमड़े के अंदर की हवा निकल ग
चमड़ा स्लेट में इसीसे चिपका हुआ है कि चमड़े और
बीच में हवा नहीं है।

१५—यह सुनकर लड़के बहुत चकराये। उनकी समझ
बात न आती थी कि हवा निकल जाने से चमड़ा क्यों
चिपक गया। उस्ताद ने यह हाल देख कर लड़कों

देखो, हवा यों तो इतनी हलकी मालूम होती है

सब चीज़ों को दबाया करती है। हमारा बदन, कुर्सियां और जितनी चीज़ें इस कमरे में रक्खी हैं, इन सबको हवा रही है। मगर हमको इसका बोझ इसमें नहीं मालूम होता हमारे बदन के अन्दर भी हवा भरी हुई है। अन्दर का हवा से ज़ोर करती है और बाहर की हवा उसको बाहर से ती है, इसीसे हमको अपने बदन पर कुछ बोझ नहीं म होता।

१७—जब चमड़ा स्लेट पर रख कर दबाया गया तो ऊपर स पर हवा का बोझ पड़ता था। मगर चमड़े के नीचे ना है नहीं, जो ऊपर की तरफ़ ज़ोर करती। बस ऊपर के से दब कर चमड़ा स्लेट पर चिपका रहा।

१८—जो चमड़ा सूखा और कड़ा होता तो यह स्लेट पर जम न बैठता और थोड़ी बहुत हवा चमड़े और स्लेट के बीच रूर रह जाती। यह हवा ऊपर की तरफ़ ज़ोर करती और ड़ा स्लेट पर न चिपकता।

१९—यह सब बातें समझा कर उस्ताद ने रामनारायण स ा कि अब ज़रा यह देखो कि तुम हवा से ज़ियादा ताक़तवर या नहीं। स्लेट को ज़मीन पर रख दो और उसके ऊपर खड़े हर तागे को खींचो। रामनारायण ने वैसा ही किया। जब सने तागे को बड़े ज़ोर से खींचा तब कहीं जाकर चमड़ा स्लेट से छुटा।

२०—यह हाल देख कर और लड़के भी उस्ताद से कहने गे कि हवा का बोझ हम भी देखेंगे। उस्ताद ने एक लड़के को

बुला कर कहा कि स्लेट के दीवार से लगा कर रख
दूसरे से कहा कि तागे के खींचो। लड़कों ने देखा कि
चमड़ा उसी मज़बूती से स्लेट में चिपका हुआ है। फिर
ने स्लेट उलट कर एक लड़के के सिर पर रखवाई ग्रैार
नीचे से खिंचवाया। तब भी चमड़ा स्लेट में चिपटा रहा

२१—इससे यह बात मालूम हुई कि हवा का बोझ
ऊपर से नीचे की तरफ़ नहीं पड़ता है। बल्कि दाह
ग्रैार नीचे से ऊपर की तरफ़ भी पड़ता है। हवा जिस
लगती है उसके दबाती है—चाहे वह किसी तरफ़ हो, उ
नीचे, दाहिने या बायें।

२२—यह सब बातें दिखा कर उस्ताद ने चमड़े में ए
सा छेद कर दिया ग्रैार एक लड़के से कहा कि ग्रब च
स्लेट पर दबाग्रो। लड़के ने चमड़े के स्लेट पर रख क
दबाया, मगर ज्योंही उसने तागे के पकड़ कर ज़रा
दिया। चमड़ा स्लेट से ग्रलग हो गया।

२३—उस्ताद ने लड़कों से कहा कि देखो, इस नन्हे
में से हवा चमड़े के नीचे घुस जाती है ग्रैार जब तुम त
पकड़ कर खींचते हो तो ग्रंदर की हवा भी ज़ोर करने
है। ऊपर की हवा का बोझ तो वैसा ही पड़ता है, मग
की हवा चमड़े को स्लेट से ग्रलग कर देती है ग्रैार
ग्रासानी से उठ ग्राता है। ग्रब तो यह बात तुम्हारी स
ग्रच्छी तरह ग्रा गई होगी कि चमड़ा स्लेट में सरेश
ीं चिपकता।

२४—रामनारायण मुँह बनाकर कहने लगा कि हाँ, मेरी समझ में तो आगया, मगर आपने चमड़े को ख़राब कर दिया।

२५—उसके उस्ताद ने कहा कि इस बात की कुछ फ़िक्र न करो। तुम जिस मोची से चाहो एक टुकड़ा चमड़े का लेकर यह चीज़ बना सकते हो।

## ४—अँखफोड़वा, झींगुर और टिड्डी

१—भला ऐसा कौन लड़का होगा जिसने अँखफोड़वा, झींगुर और टिड्डी न देखी होगी। इन जानवरों की शकल एक तरह से बहुत मिलती है। इन सबके मोटे मोटे सिर लम्बी लम्बी मूछें और चार चार पर होते हैं।

२—जब इन परों से काम नहीं लिया जाता तब यह पीठ पर सिमटे पड़े रहते हैं। आगे के पर पीछे के परों से मज़बूत होते हैं और पीछे के पर उनके नीचे दब रहते हैं। किसी किसी अँखफोड़वा के आगे के पर बहुत ही कड़े होते हैं।

३—हम तुम्हें अँखफोड़वा की कुछ बातें बतावेंगे। उनको अच्छी तरह याद रखना, क्योंकि झींगुर और टिड्डी का हाल भी बहुत कुछ अँखफोड़वा का सा है।

४—और कीड़ों की तरह अँखफोड़वे के बदन के भी तीन हिस्से होते हैं और छः टाँगें होती हैं। उसकी पिछली टाँगें लंबी होती हैं। तुमको याद होगा कि तुम मेंढक और ख़रगोश के हाल में पढ़ चुके हो कि इन जानवरों की पिछली टाँगें भी लम्बी होती हैं।

५—पिछली टाँगों के लंबे होने से इन जानवरों को फ़ायदा है कि यह उचक कूद सकते हैं। अँखफोड़वा भी उ टाँगों के बल बहुत दूर दूर उचक सकता है।

६—और कीड़ों की तरह अँखफोड़वे की मादा भी अंडे मगर उसके बच्चों में और और कीड़ों के बच्चों में बड़ा ता है।

७—तुमको याद है कि पतिंगे, गुबरैले और तितली के से पहले नन्हे बच्चे निकलते हैं। यह बच्चे अपने लि ाते हैं और उन घरों में कुछ दिन तक सोया करते हैं। चे उन घरों में से निकल कर बाहर आते हैं तब उनके कले होते हैं और उनकी शकल बिल्कुल पतिंगों, गुबरैलों तितलियों की सी होती है।

८—मगर अँखफोड़वे के अंडों में से जो बच्चे निकलते हैं उन पहले ही से अँखफोड़वे की सी होती है। उनके बदन तीन हिस्से होते हैं और टाँगें भी उनकी छः होती हैं। अलब के पर नहीं होते।

९—थोड़े दिनों में जब अँखफोड़वे का बच्चा ज़रा बड़ा हो ा उसकी पुरानी खाल उतर जाती है और उसके बदन पर ल आ जाती है। नई खाल आने पर उसके नन्हे नन्हें पर लते हैं।

१०—अँखफोड़वे का बच्चा पाँच या छः बार अपनी ख लता है, और हर बार उसके पर कुछ न कुछ बढ़ते हैं बढ़ते अँखफोड़वे का बच्चा अपने माँ-बाप के बराबर हो

मगर यह याद रक्खो कि इसके बढ़ने और तितली या गुबरैले
के बढ़ने में बड़ा फ़र्क है।

११—तुम एक पिछले सबक में पढ़ चुके हो कि कुछ कीड़े
खाते हैं और कुछ रस पीकर जीते हैं। अँगफोड़वे गुबरैले
तरह खानेवाले कीड़ों में हैं।

१२—जो अँगफोड़वे और झींगुर बाहर मैदानों में रहते
वह तो घास और पत्तियाँ खाते हैं, मगर कुछ झींगुर ऐसे
हैं जो घरों के अन्दर रहते हैं। यह रात को निकलते ह
र जो कुछ जूँठा बचा बचाया मिल जाता है, उससे अपना पेट
ते हैं। झींगुर कपड़ों को भी कभी कभी काट डालते हैं।

१३—मगर नुक़सान पहुँचाने में टिड्डी इनसे कहीं बढ़ कर
। शक्ल में टिड्डी बड़े अँगफोड़वे की सी होती है, मगर इसके
र अँगफोड़वे से कहीं बड़े और मज़बूत होते हैं और यह बहुत
र तक उड़ सकती है।

१४—अँगफोड़वा उड़ तो सकता नहीं। बस अपने पैरों के
बल  है। जब इसको कूदना होता है तो यह अपने
र उन्हीं के ज़ोर से दूर तक उछल जाता

है। मगर टिड्डियाँ बहुत दूर दूर तक और बहुत तेज़ी से
सकती हैं।

१५—तुमने कभी टिड्डीदल देखा है? लाखों टिड्डियाँ
साथ उड़ती हैं और कभी कभी ते सूरज भी इनसे छिप
है। किसान टिड्डियों से बहुत ही डरते हैं। और डरने
बात भी है। जहाँ कहीं टिड्डियाँ बैठ जाती हैं, एक हरा तिन
तक नहीं छोड़तीं।

१६—टिड्डी का मादा ज़मीन पर अंडा देती है। इनमें से
बच्चे निकलते हैं वह नुक़सान पहुँचाने में बड़ी टिड्डियों से भी
बढ़कर होते हैं। इनके पर ते होते नहीं। बस, यह इधर उधर
खेतों में उचकते फिरते हैं और जो कुछ टिड्डियों से बचा होता है
उसको चट कर जाते हैं।

१७—टिड्डी के बच्चे भी
अँखफोड़वे के बच्चों की
तरह खाल बदला करते
हैं। जब यह कई बार खाल
बदल चुकते हैं ते इनके लाल लाल पर निकल आते हैं और
यह उड़ जाते हैं।

१८—अँखफोड़वे की एक बात और सुनो। तुमने उनकी
। सुना होगा, मगर तुमको यह सुनकर बहुत अचम्भा
ह से आवाज़ नहीं निकालते।
. अगले पर बहुत मज़बूत होते हैं। इन्हीं को उठा
दूसरे से रगड़ते हैं,
तरह जिस तरह

५—आओ, यही तमाशा फिर करें। बत्ती को निकाल और बोतल को झट पट बंद कर लो। बत्ती को जला कर उसमें डालो। अब बत्ती ज़रा देर भी जली। बोतल की तह में पहुँचते ही गई।

६—यह क्या बात है? बत्ती क्यों जलती? ज़रूर कोई ऐब था तो बत्ती या बोतल में? जब बत्ती बाहर थी त खूब जलती थी। इससे मालूम होत कि बत्ती तो ठीक है बोतल ही में कुछ ऐ

७—बोतल में जब बत्ती डाली गई तो सिवा हव उसमें और कुछ न था। हवा में कोई ऐब पैदा हो गया है जिससे बत्ती नहीं जलती। बत्ती के जलने से हवा बदल ग जब बत्ती उसमें पहले डाली गई थी तब तो अच्छी तरह थी। फिर उसके जलने से बोतल की हवा में कुछ ऐब पैद गया, यहाँ तक कि अब बत्ती बिलकुल नहीं जलती।

८—मैं थोड़ी देर में तुमको बताऊँगा कि बत्ती के जल हवा में क्या होगा। पहले यह समझ लो कि बत्ती की जगह अगर बोतल में किसी जानदार चीज़ को डाला जाय तो उ क्या हाल होगा।

९—अगर हम बोतल में एक चूहे को डाल दें और का मुँह अच्छी तरह बंद कर दें, तो तुम बता स चूहे का क्या हाल होगा? पहले यह इधर उधर उछ

बाहर निकलने की कोशिश करेगा फिर कमज़ोर होता गा। थोड़ी देर के बाद उसका हिलना जुलना बंद हो गा ग्रैार ग्रगर जल्दी से बाहर न निकाल लिया जायगा र जायगा।

१०—ग्रब तुमने देखा कि बोतल में बंद करने से जलती हुई ग्रैार जीते हुए चूहे का हाल एक ही सा हुग्रा। बत्ती पहले फिर धीरे धीरे कर के बुझ गई। चूहा भी पहले जीता फिर धीरे धीरे कर के मर गया। बोतल के ग्रंदर की हवा कोई ऐसा ऐब पैदा हो गया जिसने बत्ती को बुझा दिया ग्रैार को मार डाला।

११—हवा क्यों बदल गई? जलती हुई बत्ती ग्रैार चूहे ने उस बदल दिया। ग्रच्छा ग्रब सुनो कि बत्ती ग्रैार चूहे ने हवा को किस ह बदल दिया।

१२—तुमको याद होगा। हम लोग पढ़ चुके हैं कि हवा एक स' है। गैस कई तरह की होती है। हवा दो किस्म की गैस लने से बनती है। इनमें से एक गैस ऐसी है जिससे चीजें ती हैं ग्रैार जलने में वह गैस खर्च हो जाती है।

१३—जब यह गैस खर्च हो जाती है तो जलना भी बंद हो ता है ग्रैार दूसरी गैस जलने में मदद नहीं दे सकती। इस स्ते वह जलती हुई चीज़ बुझ जाती है। जब तक बत्ती जलती , तब तक बोतल के ग्रंदर की ग्रच्छी हवा खर्च होती रही ग्रैार सके बदले ख़राब हवा वहीं पर इकट्ठी होती रही।

१४—ग्रब तुम समझ गये होगे कि बोतल के ग्रंदर की हवा

कैसे बदल गई। बत्ती के जलने से एक गैस खर्च हो गई और दूसरी गैस उसकी जगह पर आगई।

१५—जब चूहा बोतल के अंदर रक्खा गया तो उसका यही हाल हुआ। आदमियों और जानवरों के साँस लेने में गैस खर्च होती है जो बत्ती के जलने में होती है और जगह वही गैस पैदा होती है जो बत्ती के जलने से पैदा थी। जब चूहे के साँस लेने से बोतल की अच्छी हवा खर्च हो तो वह मर गया।

१६—तुमने देखा कि जलती बत्ती और जीता जानवर हवा को एक ही तरह बदलते हैं। यह दोनों हवा की अच्छी को खर्च कर डालते हैं और उसकी जगह खराब गैस करते हैं।

१७—मैंने एक गैस को अच्छी कहा है और दूसरी को क्योंकि एक आदमियों और जानवरों के लिए अच्छी है दूसरी बुरी। मगर आगे चलकर तुमको मालूम होगा कि गैस हमारे लिए खराब है, वह इस दुनिया में और चीज़ें लिए अच्छी है।

---

## ६—गंधक।

—एक दिन हरनारायण के स्कूल में लड़कों को गंधक क पढ़ाया गया जो उनको बहुत पसंद आया। पहले ने पूछा कि लड़को! तुमको यह बात मालूम है क्या चीज़ है और उसका रंग कैसा होता है?

ज़र्द होने लगा। अब यह टुकड़ा जलने लगा और उसमें सफ़ेदी लिये हुए नीली लौ निकलने लगी।

८—जलते जलते उसमें से धुआँ निकलने लगा और लड़कों को उस धुएँ की बदबू आने लगी। उनका दम घुटने लगा और वे खाँसने लगे। तब उस्ताद ने रकाबी को नीचे उतार लिया और एक दूसरी बड़ी रकाबी से ढक दिया।

९—थोड़ी देर बाद उसने बड़ी रकाबी हटा दी। लड़कों ने देखा कि अब गंधक नहीं जलती, वह ठंडी हो रही है। जब वह बिलकुल ठंडी हो गई तब पहले की तरह ज़र्द और सख़्त हो गई।

१०—तब उस्ताद ने कहा कि अब बताओ, तुम लोगों ने क्या देखा? देखो, हमको तीन बातें नई मालूम हुईं। अब बताओ, सबसे पहले गंधक में क्या बात पैदा हुई?

११—एक लड़के ने जवाब दिया, वह पिघल गई।

१२—उस्ताद ने कहा, ठीक है। उससे मालूम हुआ कि गंधक उन चीज़ों में से है जो पिघल तो जाती हैं, मगर घुलती नहीं। जब यह पिघलती है तो इसका रंग पीला हो जाता है, पानी की तरह बहने लगती है, मगर ठंडी होने पर फिर ठोस हो जाती है।

## ७—हमारा बदन (१)

लड़को ! तुममें से कभी कोई बीमार पड़ा है ? य तुम बीमार पड़े होगे तो तुम जानते होगे कि जब आ कमज़ोर हो जाता है, या उसके कहीं पर दर्द होता है उसको कितनी तकलीफ़ होती है।

२—अगर तुम बीमार नहीं हुए हो तो तुमने किसी बीमार आदमी को तो ज़रूर ही देखा होगा। वह सिवा रहने के और कुछ नहीं कर सकता। न वह खाना खा स है और न कोई चीज़ उसको अच्छी लगती है। उसका देख कर तुमको इस बात की ख़ुशी होती होगी कि तुम नहीं हो।

३—इस दुनिया में तन्दुरुस्ती से बढ़कर कोई चीज़ है। ग़रीब और तन्दुरुस्त होना अमीर और बीमार होने कहीं अच्छा है। इसीलिए समझदार आदमी इस बात बहुत ध्यान रखते हैं कि वह तन्दुरुस्त रहें और कोई बीमारी उनके पास न आये।

४—बीमारी किसे कहते हैं ? बीमारी उसको कहते हैं कि बदन का कोई हिस्सा अपना काम पूरे तौर पर न कर सके, हिस्सा कितना ही छोटा क्यों न हो। मगर हमारा बदन तरह बना है कि अगर किसी हिस्से में कोई चोट आ जाय, कोई हिस्सा किसी तरह ख़राब हो जाय, तो बदन के बा अपना काम अच्छी तरह नहीं कर सकते।

५—अपने बदन को भला चंगा रखना चाहें,

९—हड्डियों पर गोश्त का खोल चढ़ा होता है। पतले गोश्त को पट्ठा कहते हैं। इन्हीं पट्ठों के सहारे हम हड्डियों को हिलाते हैं। जब हम अपने बदन के किसी हिस्से से बहुत ज़ियादा काम लेते हैं, तो उस हिस्से को हिलानेवाले पट्ठे मज़बूत हो जाते हैं और कड़े पड़ जाते हैं। अगर तुम फ़ुटबाल या क्रिकट का खेल खेलो, या बहुत ज़ियादा चलो और दौड़ो, तो तुमको मालूम होगा कि तुम्हारी टांगों के पट्ठे सख़्त और कड़े पड़ गये हैं।

१०—पट्ठे और चमड़े के बीच में एक तह चरबी की होती है। चरबी से हमारा बदन गर्म रहता है। कुछ लोगों के बदन में चरबी बहुत ही कम होती है और कुछ लोगों के बदन में बहुत ही ज़ियादा होती है।

११—तुम्हारा सारा बदन चमड़े से ढका है। यह चमड़ा बहुत नर्म और पतला है। गाय या हाथी के चमड़े का सा नहीं है। इस में छोटे छोटे छेद हैं। तुम जानते हो, जब तुमको बहुत गर्मी लगती है तो इन्हीं छोटे छोटे छेदों में से पसीना निकलता है।

१२—इस पसीने से हमारा बदन साफ़ और तन्दुरुस्त है, क्योंकि वह चीज़ें जिनकी ज़रूरत हमारे बदन को ो, पसीने के साथ निकल जाती हैं। हमें चाहिए कि मड़े को साफ़ रक्खें क्योंकि अगर यह छेद मैल से बंद हो तो पसीना बाहर न निकल सकेगा।

के अंदर का हाल देख रहे हो। तुमने देखा कि दिल ...
बहुत छोटा है।

३—दिल है तो बदन भर में सबसे छोटा हिस्सा, म
है सबसे ज़ियादा फ़ायदे का। अगर तुम अपनी बाईं तरफ़
रक्खो तो तुमको मालूम होगा कि दिल अपना काम कर
है। तुम जानते हो कि यह क्या काम करता है? यह तुम्हारे
के सब हिस्सों में अलग अलग ख़ून पहुँचा रहा है। ख़ून
कर फिर दिल में आता है और दिल फिर उसको बदन
सब हिस्सों में भेजता है। अगर दिल अपना काम बंद क
तो तुम मर जाओ।

४—ख़ून दिल में से है
एक बड़ी नली में आता
आगे चलकर उसकी
छोटी छोटी शाख़ें हो जातं
और फिर इन शाख़ों की
और छोटी छोटी शाख़ें हो
हैं यह छोटी छोटी नं
तुम्हारे तमाम बदन में
तरह फैली हुई हैं जैसे दरख़्त
की शाख़ें।

५—इन छोटी नलियों
ख़ून तमाम, बदन में फैल जात
... में होकर ख़ून दिल से सिर, बाँहों, टाँगों, उँगलियों औ

उँगलियों के सिरों तक पहुँच जाता है और फिर लौट कर दिल में चला जाता है।

६—अब तुम यह पूछोगे कि ख़ून तमाम बदन में क्यों दौड़ा करता है।

७—इसके दो सबब हैं। एक तो यह कि इसीसे सब हिस्सों को ख़ोराक मिलती है। थोड़ी देर में मैं तुमको बताऊँगा कि यह ख़ोराक कहाँ से आती है। और दूसरे यह कि इससे बदन के अंदर के हिस्से साफ़ होजाते हैं।

८—तुम यह पढ़ चुके हो कि जब तुमको पसीना आता है तो जिस्म के अंदर की गंदी और बेकार चीज़ें पसीना के साथ निकल जाती हैं, मगर ख़ाली पसीना से अंदर का हिस्सा अच्छी तरह साफ़ नहीं होता और फिर जाड़े में तो पसीना आता ही नहीं।

९—बाक़ी सफ़ाई का काम ख़ून से होता है। तुम जानते हो कि अगर कोई चीज़ पानी में धोई जाय तो पानी मैला हो जाता है। इसी तरह जब ख़ून तुम्हारे बदन के अंदर के हिस्सों को धोता है यह भी मैला हो जाता है।

१०—दिल जब ख़ून को बदन की सफ़ाई करने और उसको ख़ोराक पहुँचाने के लिए भेजता है, तो पहले तो ख़ून आप साफ़ किया जाता है। इसकी सफ़ाई फेफड़ों में होती है।

११—तुम्हारे फेफड़े नर्म गोश्त के दो बड़े बड़े टुकड़े हैं। जब जब तुम साँस लेते हो, तब तब हवा फेफड़ों में जाती है। यहाँ पहुँच कर बाक़ी उमदा गैस ख़ून से मिल कर उसको साफ़

कर देती है और ख़ून इस लायक़ हो जाता है कि दिल फिर जिस्म भर में दौरा करने को भेजे।

१२—जब अच्छी हवा हमारे ख़ून को साफ़ कर देती है तो हम उसको बाहर निकाल देते हैं। इसलिए जो हवा साँस के साथ बाहर जाती है, वह गंदी होती है। ख़ून को तो साफ़ कर देती है, मगर आप गंदी हो जाती है।

१३—अब तुमको मालूम हुआ होगा कि जब तक हमें साफ़ हवा साँस लेने को न मिले तब तक हमारा ख़ून साफ़ हो सकता और जब तक हमारा ख़ून साफ़ न हो तब तक बदन मज़बूत और तन्दुरुस्त नहीं हो सकता। साफ़ हवा की ऐसी ही ज़रूरत है जैसे अच्छी खोराक की।

१४—तुम देखते हो कि फेफड़े बदन के लिए इतने ही ज़रूरी हैं कि जितना दिल। अगर उन दोनों में से एक भी अपना काम करना थोड़ी देर के लिए बंद कर दे तो तुम मर जाओ।

१५—मैंने तुमसे यह वादा किया था कि मैं तुमको बतलाऊँ कि ख़ून जो खोराक सारे बदन में पहुँचाता है वह उसको कहाँ से मिलता है? ख़ून को यह खोराक मेदे से मिलती है।

१६—तुम मेदा का कुछ न कुछ हाल ज़रूर जानते होगे। मेदा गोश्त का एक ख़ाली थैला होता है। जब तुम खाना खाते हो तो तुम्हारा खाना गले से नीचे उतर कर इस थैले में

१ मेदा भी फेफड़ों और दिल की तरह काम करता क यह भी बहुत काम करता है।

१८—जब खाना मेदा में पहुँचता है तो यह उसमें एक रस मिला देता है जिससे वह खाना नर्म हो कर घुल जाता है। इस को हम लोग खाने का हज़म होना कहते हैं। फिर यह घुला हुआ खाना ख़ून में आसानी से मिल जाता है और उसके साथ तमाम बदन में पहुँचता है।

१९—मेदा, दिल और फेफड़ों के सिवा हमारे बदन में और भी कई एक काम की चीज़ें हैं जिनका हाल तुमको बड़े होने पर मालूम होगा।

## ६—हवा में पानी मिला होता है (१)

१—पानी का थोड़ा सा हाल तो तुम पढ़ ही चुके हो और तुम यह भी जानते हो कि हवा को छोड़ कर दुनिया में पानी ही सब से ज़ियादा मिलने की चीज़ है। और तुम यह भी पढ़ चुके हो कि पानी सब चीज़ों में रहता है, यहाँ तक कि हवा में भी मिला रहता है।

२—कोई ऐसी हवा नहीं जिसमें पानी न हो। यह अलबत्ता हो सकता है कि किसी में ज़ियादा हो और किसी में कम। मगर होता ज़रूर है। शायद तुमको अचंभा हो कि यह कैसे हो सकता है? तालाबों और दरियाओं में तो तुम पानी को अच्छी तरह देख सकते हो, मगर इस कमरे की हवा में जहाँ तुम बैठे हो, पानी नहीं दिखाई देता।

३—तुम देख तो नहीं सकते, मगर फिर भी इस हवा में पानी मौजूद है। पानी तुमको दिखाई इसलिए नहीं देता कि उस की शक्ल बदल गई है। अब यह बहता हुआ पानी नहीं है बल्कि

उसकी शकल भी हवा की भी हो गई है। इस पानी को 'भा
कहते हैं।

४—यह भाप और पानी की भी नहीं होती। पर
जानते ही होगे कि गैस को तुम देख नहीं सकते। भाप भी
तरह की गैस है। इसलिए हम उसको भी नहीं देख सक
और गैसों की तरह यह भी हलका होता है और ऊपर
है उड़ जाता है। इसीलिए तो यह ज़मीन पर पानी की तरह
नहीं पड़ता।

५—है तो यह गैस ही, और पहले पानी की शकलों में से बनी
भाप फिर भी पानी ही है और हम आसानी से उसको फिर प
की शकल में ला सकते हैं।

६—मैं तुमको बताऊँगा कि तुम किस तरह पानी को
बना सकते हो और भाप को पानी।

७—एक चौड़ा बरतन लो और उसमें थोड़ा पानी डालो
उस बरतन को आग पर चढ़ाओ। पानी उबलने लगेगा और
में बुल बुले उठेंगे। फिर भाप के सफ़ेद बादल उठने लगें
अगर यह बरतन आग पर कुछ देर रक्खा रहे तो सब पानी उ
कर उड़ जायगा और बरतन ख़ाली रह जायगा।

८—हम जो कहते हैं कि पानी उबल कर उड़ गया, उस
हमारा क्या मतलब है? पानी कहाँ चला गया? यह भाप ब
गया, [illegible] में जा कर मिल गया।

[illegible] किस तरह कह सकते हो पानी की भा
[illegible] है और उसमें मिल जाती है। यह ह

जाय गर्म भमपूरा ठंडी हवा में भा जाती है तो उसमें ...
छोटी छोटी बूंदें बन जाती हैं ।

१५—यह बूंदें ऐसी नन्ही नन्ही होती हैं कि उन्हीं ...
ज़मीन पर नहीं गिर सकतीं बल्कि हवा में उड़ा करती हैं । ...
भाप हम उबलते पानी पर उठती हुई देखते हैं, यह उन्हीं छो...
बूंदों की बनी होती हैं जो हवा में उड़ा करती हैं । सब भाप ...
छोटी छोटी बूंदों में लौट कर नहीं भा जाती, कुछ जा कर हवा...
मिल जाती है ।

---

## १०—दीमक

१—दीमक को तो हम लोग ख़ूब जानते हैं । कभी कभी ...
कीड़े बड़ी तकलीफ़ देते हैं । बरस...
भाई नहीं कि हज़ारों दीमकें ज़...
से निकल पड़ीं । लड़को ! मैं सम...
हूँ कि तुम्हारे यहाँ भी कभी न ...
कोई चीज़ दीमकों ने खा डाली होगी, या खराब कर दी होगी ...

२—शायद तुम सोचते होगे कि भला दीमक ऐसे ...
और छोटे कीड़े का हाल पढ़ने में हमारा क्या जी लगेगा ।
जब तुम कुछ हाल इसका सुनोगे तब तुमको मालूम होगा
बेशक इसका हाल भी जानना चाहिए ।

यह बात सुन कर तुमको अचंभा होगा
बड़े बड़े घर बनाती हैं और इन घरों में

यह हमेशा अंदर ही रहते हैं और उनको और कीड़े बाह
पहुँचाया करते हैं। उसी कोठरी में रानी अंडे दिया करती है
हर एक दिन यह दो तीन हज़ार अंडे देती है और महीनों
अंडे ही दिया करती है।

९—ज्यों ही रानी अंडे देती है, कारीगर उनको उठाकर दूसरी
कोठरी में रख आते हैं। और जब तक इनमें से बच्चे नहीं नि
कलते तब तक यह उन्हीं कोठरियों में रक्खे रहते हैं। जब ब
अंडों से निकलते हैं तब यह अंधे होते हैं। इनके बदन पर
पतली सफ़ेद खाल होती है। इनके खाने को कारीगर एक निरा
तरह की .ख़ूराक तैयार करते हैं। जब तक यह बढ़ते रहते हैं त
तक में तो यह दो तीन बार अपनी खाल बदलते हैं।

१०—एक अचंभे की बात यह है कि अंडो से निकलते
सब कीड़े एक से होते हैं। मगर बड़े होकर उनकी शक्ल बदल जा
हैं। कई एक तो सिपाही या कारीगर होते हैं कि जिनके न आ
होती हैं न पर। और कई एक जब बड़े होते हैं तो उनके आँखें
होती हैं और पर भी। अक्सर बरसात में परवाली दीमकें झुं
झुंड बिलों से निकलती हुई दिखाई पड़ती हैं।

११—कभी कभी यह रात को निकलती हैं और चिराग़ पर
उड़ कर गिरती हैं। तुमने यह
देखा होगा कि इनके पर टूट जाते
और यह ज़मीन पर गिर पड़ती हैं

## ११—हवा में पानी मिला रहता है (२)

१—तुम यह पढ़ चुके हो कि जब पानी उबलता है तो भाप की शक्ल में बदल जाता है और कुछ भाप हवा में आकर मिल जाती है। मगर यह कुछ ज़रूरी नहीं कि जब पानी उबले तभी भाप बने।

२—हवा में पानी के खींच लेने की ताक़त है। जैसे तेल नाई सुखानेवाला काग़ज़ स्याही को चूस लेता है, या चिराग़ की बत्ती तेल को खींच लेती है, वैसे ही हवा पानी को खींच लेती है।

३—अगर तुम तेल से भरे चिराग़ में बत्ती को डुबो तो बत्ती जल्द तेल को खींच लेगी और सबकी सब तेल से भर जायगी।

४—हवा पानी को इसी तरह खींचती है। जब हवा पानी में लगती है तो कुछ पानी भाप बनकर हवा में जा मिलता है, पानी चाहे कहीं हो। तालाब में हो, या दरिया में, या कमरे के अंदर थाली में रक्खा हो, हवा उसको ज़रूर खींच लेगी।

५—गर्म हवा पानी ज़ियादा और जल्द खींचती है। तो ठंडी हवा भी खींचती है, मगर कम और देर में।

६—इसी तरह हर रोज़ पानी हवा में मिल जाया करता गड्ढे और तालाब सूख जाते हैं और इसीसे तु भी सूखते हैं। अगर तुम थोड़ा पानी ज़मीन थोड़ी देर में तुम देखोगे कि पानी को ह और वह जगह सूख गई।

१२—अब शायद तुम यह पूछोगे कि जो पानी हवा में जाता है वह क्या होता है और जब हवा बरसात में इतनी तर होती है तो वह फिर सूख क्यों जाती है ?

१३—हवा का कुछ पानी तो पेड़ और पौधे अपने पत्तों से खींच लेते हैं। कुछ आँधियाँ इधर उधर उड़ा ले जाती हैं और कुछ बादल बन जाता है और फिर पानी बनकर ज़मीन पर बरसता है। आगे चलकर इसका हाल तुमको बताया जायगा।

## १२—बदन का राजा

१—यह बात तुम पहले पढ़ चुके हो कि बदन में कई एक ऐसे हिस्से हैं जिनके बग़ैर हम जी नहीं सकते। मगर इनमें से एक तो ऐसा है कि उसको बदन का राजा कहना चाहिए।

२—भला तुम जानते हो कि वह कौन सा हिस्सा है? वह सिर है।

३—बग़ैर हाथ पैर के तुम बहुत दिनों जी सकते हो! ऐसे आदमी भी हैं जिनके हाथ पैर कट गये हैं और तिस पर भी वह तंदुरुस्त हैं। अगर तुम्हारा सिर कट जाय तो तुम कितनी देर जी सकते हो? शायद दो चार मिनट।

४—सिर इतना क्यों ज़रूरी है? इसका एक सबब तो यह है कि आँखें, नाक, मुँह और कान सब सिर ही में होते हैं। एक सबब और भी है। इसके अंदर दिमाग़ होता है।

५—तुम्हारा सिर हड्डी का एक संदूक़ है। अगर तुम सिर ... तो तुमको मालूम होगा कि उसके चारों तरफ़ बहुत

हुए हैं। इन्हीं तारों पर दिमाग़ अपने हुक्म भेजता है। दिमा बदन के जिस हिस्से में चाहता है झट अपना हुक्म भेज देता है।

९—अगर वह तार जो उँगली से मिला है टूट जाय तो उँगली हिल न सके, क्योंकि फिर दिमाग़ उँगली तक अपना हुक्म न पहुँचा सकेगा।

१०—अगर तुम्हारे दिमाग़ के उस हिस्से को जो इन तारों पर ख़बर भेजता है, ऐसी चोट आ जाय कि वह अपने हुक्म ही न भेज सके तो तुम अपनी उँगली तक न हिला सकोगे। तुम अपने बदन के किसी हिस्से को नहीं हिला सकते जब तक कि दिमाग़ का हुक्म न आवे।

११—शायद तुमको यह बात सुनकर अचंभा होगा कि हम बिला दिमाग़ के हुक्म के कुछ नहीं कर सकते। न सूँघ सकते हैं, न सुन सकते हैं, न देख सकते हैं और न चख सकते हैं। मगर यह बात बिलकुल ठीक है। तुमको मैं बता चुका हूँ कि दिमाग़ दिन भर हुक्म भेजा करता है और इसके पास दिन भर ख़बरें आया करती हैं।

१२—हम देख तभी सकते हैं। जब आँखों से दिमाग़ के पास ख़बर आती है। सुन तभी सकते हैं जब दिमाग़ के पास कान से ख़बर आती है। सूँघ तभी सकते हैं जब नाक से दिमाग़ के पास ख़बर [illegible] है। जब हम कोई चीज़ छूते हैं तो खाल दिमाग़ के [illegible] है। और हम चख तभी सकते हैं जब मुँह [illegible] ख़बर भेजता है।

र हैं। इन्हीं तारों पर दिमाग़ अपने हुक्म भेजता है। दि
दन के जिस हिस्से में चाहता है और अपना हुक्म भे
ता है।

९—अगर वह तार जो उँगली को मिला है टूट जाय तो
गली हिल न सके, क्योंकि फिर दिमाग़ उँगली तक अप
हुक्म न पहुँचा सकेगा।

१०—अगर तुम्हारे दिमाग़ के उस हिस्से को जो इन तारों
र ख़बर भेजता है, ऐसी चोट आ जाय कि वह अपने हुक्म
न भेज सके तो तुम अपनी उँगली तक न हिला सकोगे। तुम अप
बदन के किसी हिस्से को नहीं हिला सकते जब तक कि दिमा
का हुक्म न आवे।

११—शायद तुमको यह बात सुनकर अचंभा होगा कि
हम बिना दिमाग़ के हुक्म के कुछ नहीं कर सकते। न सूँघ सक
हैं, न सुन सकते हैं, न देख सकते हैं और न चख सकते हैं। मगर
यह बात बिलकुल ठीक है। तुमको मैं बता चुका हूँ कि दिमाग़
दिन भर हुक्म भेजा करता है और इसके पास दिन भर ख़बरें
आया करती हैं।

१२—हम देख तभी सकते हैं। जब आँखों से दिमाग़ के पास
ख़बर आती है। सुन तभी सकते हैं जब दिमाग़ के पास कान से
ख़बर आती है। सूँघ तभी सकते हैं जब नाक से दिमाग़ के पास
ख़बर आती है। जब हम कोई चीज़ छूते हैं तो खाल दिमाग़ के
पास ख़बर भेजती है। और हम चख तभी सकते हैं जब मुँह
दिमाग़ को [illegible] ख़बर भेजता है।

## १३—चिँउटी (१)

१—तुमने कीड़ों के बयान में बहुत सी तमाशे की बातें पढ़ी हैं जिनको सुन सुन कर अचंभा होता है। आज हम तुमको एक और छोटे कीड़े की कहानी सुनाते हैं, जिसको सुन कर बहुत ही ख़ुश होगे। उस कीड़े का नाम चिउँटी है।

२—चिउँटी को तुम ख़ूब जानते हो। तुम उसको घर बाहर सब जगह देखते हो। कहीं ज़रा सा मीठा फ़र्श पर गिर पड़े तो देखो कितनी चिउँटियाँ जमा हो जाती हैं। एक पल भर पहले चिउँटी का कहीं नाम भी न था। फिर उनको मीठे का हाल कहाँ से मालूम होगया कि उसको खाने के लिए आन की आन में आ पहुँचीं!

३—जिन चिउँटियों को हम अपने घरों में देखते हैं वह दो क़िस्म की होती हैं। एक तो बहुत छोटी होती हैं जिनके झुंड के झुंड एक साथ चलते हैं। और दूसरे बड़े चिउँटे होते हैं जो दस पाँच से ज़ियादा एक साथ नहीं दिखाई देते। दोनों की शक्ल एकसी होती है। मगर जो तुम चिउँटी की शक्ल को अच्छी तरह देखना चाहो तो एक बड़े चिउँटे को पकड़ कर देखो।

४—चिउँटो के छः टाँगें होती हैं और हर एक टाँग में दो पंजे होते हैं। उन्हीं पंजों के सहारे वह दीवारों और दरख़्तों पर चढ़ जाती है। और कीड़ों की तरह इसके बदन के भी तीन हिस्से होते हैं।

५—दीमक की तरह यह अंधी नहीं होती। इसकी दो चमकीली आँखें होती हैं। चिउँटी के तेज़ छोटे दाँतों वाले दो मज़-

को यों ही छोड़ देती हैं। नहीं उनकी ख़बरदारी ख़ूब जाती है। सारा बिल काम करने वाली चिउँटियों से भरा है। यही बच्चों को खाना खिलाती हैं और यही अंडों की ख़बरदारी करती हैं।

